KJ-1261

B.Sc. (Part - I)
Supplementary / Special
Examination, March 2021

FOUNDATION COURSE

Paper - I

हिन्दी भाषा

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। एक प्रश्न के उत्तर यथासंभव एक ही स्थान पर हल करें। व्याकरण की अशुद्धियों पर अंक काटे जाएंगे। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** उक्ति का पल्लवन कीजिए : 8

(*i*) "गाँधी टोपी की उमंग और है, गाँधीत्व की गंध और।"

(*ii*) "नर हो, न निराश करो मन को।"

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं **आठ** अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए :

(*i*) Cell

(*ii*) Decimal

(*iii*) Evidence

(*iv*) Geologist

(*v*) Supervisor

(*vi*) Accountant

(*vii*) Cashier

(*viii*) Acid Sensitive

(*ix*) Zero Gravity

(*x*) Chairman

(ख) प्रेमचंद द्वारा लिखित 'ईदगाह' कहानी के उद्देश्य पर अपने विचार प्रकट कीजिए। 7

2. (क) (*I*) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए : 2

(*i*) खुबसूरत

(*ii*) उलंघन

(*iii*) निर्दोश

(*II*) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** समश्रुत शब्दों का अर्थ लिखिए : 2

(*i*) प्रसाद — प्रासाद

(*ii*) पंख — पंक

(*iii*) नीरद — नीरज

(*III*) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो पर्यायवाची रूप लिखिए : 2

(*i*) आम

(*ii*) गाय

(*iii*) बिजली

(*IV*) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 2

(*i*) आरोह

(*ii*) उत्कर्ष

(*iii*) आसक्त

(ख) भारत में स्थित नदियों, पहाड़ों, जंगलों और भारतीय संस्कृति की वंदना 'भारत वंदना' कविता में कवि ने किस प्रकार की है? संक्षेप में लिखिए। 7

3. (क) नागरी लिपि के इतिहास का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 8

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

बहुत से व्यक्ति किसी कार्य को प्रारंभ करते हैं। आरम्भ में खूब उत्साह भी रहता है, परन्तु शीघ्र फल सिद्ध न होने, बाह्य उत्तेजना न मिलने अथवा कठिनाई आ जाने के कारण उसे छोड़ देते हैं। फिर दूसरा कार्य आरम्भ करते हैं और उसका अन्त इसी प्रकार होता है। धीरे धीरे उनका स्वभाव ही पड़ जाता है कि कार्यारम्भ में उत्साह, मध्य में शिथिलता और अन्त में उदासीनता उनके पल्ले पड़ती है। इस प्रकार के आदमी जीवन में कभी सफलता प्राप्त नहीं कर सकते। उनका आरंभ सदा दार्शनीय होता है किन्तु अन्त निराशा में होता है। ऐसे आदमी प्रत्येक समाज में हर जगह मिलते हैं। वे अपने जीवन के अनुभव सबको, विशेषतः युवकों को, सुनाने को तैयार रहते हैं और उनके उत्साह पर ब्रेक का काम

करते हैं। जीवन में रोना ही इनका हिस्सा है। जब किसी समाज, जाति या देश में ऐसे मनुष्यों की संख्या बहुत बढ़ जाती है, तो उसका सामूहिक चरित्र निर्बल हो जाता है। आज हमारे देश की ऐसी ही स्थिति है।

प्रश्न :

(*i*) उपरोक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

(*ii*) उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) हरिशंकर परसाई द्वारा रचित 'भोलाराम का जीव' कथा का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 7

4. (क) कम्प्यूटर का महत्व बताते हुए कम्प्यूटर टेक्नॉलॉजी और भाषा का संबंध स्पष्ट कीजिए। 8

अथवा

कम्प्यूटर टेक्नॉलॉजी के अंतर्गत 'सूचना' किसे कहते हैं? इसका प्रस्तुतीकरण कैसे किया जाता है? स्पष्ट कीजिए।

(ख) स्वामी विवेकानन्द द्वारा मैसूर के महाराजा को लिखे गए पत्र के आधार पर भारत और अमेरिका की जीवन दृष्टि का अंतर स्पष्ट कीजिए। 7

5. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **आठ** वाक्यों का मानक हिन्दी रूप लिखिए : 8

(*i*) हमारी प्रदेश की सरकार ने बजट पेश किया।

(*ii*) मैं प्रतिदिन बाजार को जाता हूँ।

(*iii*) बेचारा असमय में मर गया।

(*iv*) मैं आपकी श्रद्धा करता हूँ।

(*v*) यह असली गाय का दूध है।

(*vi*) भारतमाता, हमें शिव का मस्तिष्क दीजिए।

(*vii*) गुरुजनों से नम्रता के साथ बोलना चाहिए।

(*viii*) गाँधीजी ने एक महिलाओं की सभा में कहा था।

(*ix*) इन्दौर के भीतर एक राजबाड़ा है।

(*x*) तुम वहाँ कल शाम को चलियो।

(ख) सामाजिक गतिशीलता से क्या तात्पर्य है? प्राचीन काल में सामाजिक गतिशीलता का विवरण लिखिए। 7

अथवा

मध्यकालीन सामाजिक गतिशीलता का संक्षिप्त विवरण लिखिए।

———